



# अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अम्बाह (मुरैना) म.प्र.

(जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से सम्बद्ध स्वशासी महाविद्यालय)

## प्रवेश विवरणिका एवं प्रवेश आवेदन-पत्र
सत्र 2025-26

**महाविद्यालय का पता : मुरैना रोड, पुरानी तहसील के सामने, अम्बाह (म.प्र.)**

**दूरभाष : 07538-299004**

Website : www.ambahpgcollege.org | E-mail : principalpgcollegeambah@gmail.com

# अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना) म.प्र.

**(जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से सम्बद्ध – स्वशासी महाविद्यालय)**

**(नैक द्वारा प्रत्यायित 'B' ग्रेड)**

## महाविद्यालय का ध्येय/लक्ष्य कथन
## (Mission Statement)
## ''सा विद्या या विमुक्तये''
## लक्ष्य
## लोक कल्याण

1. अम्बाह नगर व उसके सेवा क्षेत्र के निवासियों को स्तरीय उच्च शिक्षा प्रदान करना।
2. शिक्षा के साथ ही संस्कारवान, अनुशासित और राष्ट्रीयता की भावना से ओत–प्रोत युवा पीढ़ी को तैयार करना।
3. दस्यु समस्या से ग्रसित रही चम्बल घाटी में एक आदर्श शिक्षा केन्द्र स्थापित कर, जन समुदाय के मानसिक स्तर को सामाजिक सरोकार के साथ सकारात्मक दिशा प्रदान करना।
4. आर्थिक विकास के साथ हो रहे भौतिक परिवर्तन को आत्मसात करने हेतु विद्यार्थियों को शारीरिक, सामाजिक और आत्मिक दृष्टि से सक्षम बनाना।
5. व्यावसायिक एवं रोजगार परक शिक्षा प्रदान कर युवाओं में स्वावलम्बन की भावना पैदा करना तथा पर्यावरण सुधार, समाजार्थिक प्रगति एवं राष्ट्र उत्थान हेतु जन जागृति लाना।

## महाविद्यालय : एक परिचय

चम्बल घाटी के सांस्कृतिक विकास का एक प्रतिष्ठित केन्द्र, अम्बाह महाविद्यालय 9 मार्च 1959 को स्थापित होकर विकास के अनेक सोपानों को पार करता हुआ आज इस क्षेत्र की प्रगति का पर्याय बन चुका है। स्नातक स्तर पर 9 विद्यार्थियों से शिक्षण सेवा का संकल्प प्रारम्भ कर अब 1000 से अधिक विद्यार्थियों का शिक्षण सात विषयों में स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध सुविधाओं तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन इसके गौरवमयी इतिहास एवं उज्जवल भविष्य के परिचायक हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, भोपाल तथा जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा इसे एक स्वशासी महाविद्यालय मान्य किया गया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् की मूल्यांकन समिति ने इसे तीन बार **'बी ग्रेड'** प्रत्यायित कर राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की है। एन.सी.सी., एन.एस.एस. रेडक्रास, विभागीय परिषद, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के विभिन्न मंच, शिक्षणेत्तर क्रिया–कलापों की दिशा में क्षेत्र एवं प्रदेश की सीमा लांघ कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दर्ज करा चुके हैं। महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त अनेक विद्यार्थी राष्ट्र और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

विद्यार्थियों में अनुशासन, परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता, प्रांगण की स्वच्छता एवं जीवंतता, स्वस्थ पर्यावरण, शिक्षक–विद्यार्थियों के बीच सौहार्द, भेद रहित वातावरण, अध्ययन–अध्यापन की सुचारुता, महाविद्यालय के ध्येय वाक्य की तरह विद्यार्थी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की दिनचर्या के अंग बन चुके हैं। महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने तथा उनके उन्नयन हेतु एक विशेष कल्याण प्रकोष्ठ कार्यरत है। विद्यार्थियों के सतत् मार्गदर्शन, रोजगार, जागरुकता, उद्यमिता विकास हेतु भी महाविद्यालय प्रकोष्ठ स्थापित है। CCTV कैमरों से युक्त महाविद्यालय परिसर पूर्णतः सुरक्षित है तथा छात्र–छात्राओं के सह अध्ययन का एक आदर्श प्रतिष्ठित केन्द्र है।

## प्रवेश आवेदन एवं पात्रता

वर्तमान समय में म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रवेश क्रिया के अन्तर्गत प्रवेश दिये जाते हैं। प्रवेश हेतु आवेदन एवं पात्रता का निर्धारण भी म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश नियम एवं मार्गदर्शी सिद्धांत (2025–26) के अनुसार ही होगा।

## आवश्यक सूचनाएँ

1. वर्तमान में महाविद्यालय में समस्त स्नातकोत्तर कक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति से संचालित हैं।
2. आवेदकों एवं उनके अभिभावकों से अपेक्षा है कि प्रवेश विवरणिका को पूर्णतः पढ़ लें। प्रवेशार्थी अपना प्रवेश आवेदन फार्म स्वयं भरें एवं महाविद्यालय में स्वयं जमा करें।
3. विद्यार्थी प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा करके मूल–प्रवेश–रसीद प्राप्त करें एवं उसे सुरक्षित रखें।
4. प्रवेश आवेदन फार्म के साथ अंकसूचियों एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की छायाप्रतियाँ संलग्न करें। प्रवेश के समय इन्हें सत्यापित करवायें। संलग्न प्रमाण–पत्रों के आधार पर ही प्रवेश अधिभार प्रदान किया जायेगा।
5. प्रवेश सम्बन्धी समस्त नियम एवं सूचनाएँ समय–समय पर महाविद्यालय के सूचना पटल / बेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।
6. निर्धारित तिथि के बाद प्रवेश किसी भी दशा में सम्भव नहीं होगा।
7. जाली प्रमाण–पत्रों के आधार पर / गलत जानकारी देकर / प्रशासनिक अथवा कार्यालयीन त्रुटिवश यदि किसी आवेदक को प्रवेश मिल जाता है, तब ऐसे प्रवेश को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को होगा। ऐसी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा।
8. प्रवेश लेकर बिना किसी समुचित कारण, पूर्व अनुमति या सूचना के **स्नातक प्रथम वर्ष / स्नातकोत्तर प्रथम सेम. में लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को है।**
9. रेगिंग में लिप्त विद्यार्थी के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय से निष्कासन, छात्रवृत्ति तथा अन्य प्रदत्त लाभ वापस लेने की कार्यवाही के अतिरिक्त अन्य वैधानिक कार्यवाही का प्रावधान भी होगा।

नोट – प्रवेश पात्रता एवं परीक्षा प्रणाली के संबंध में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश प्रवेशार्थियों / परीक्षार्थियों पर लागू होंगे।

**प्रवेश हेतु निर्धारित स्थान :**

महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के लिए अधिकतम निर्धारित स्थान इस प्रकार हैं –

**(अ) स्नातकोत्तर स्तर –**

| विषय | निर्धारित स्थान |
|---|---|
| भूगोल | 30 |
| अर्थशास्त्र | 30 |
| हिन्दी | 30 |
| रसायन शास्त्र | 30 |
| जन्तु विज्ञान | 30 |
| गणित | 30 |
| पी.जी.डी.सी.ए. | 60 (स्ववित्तीय) |

**(ब) स्नातक स्तर :–**

बी.ए. (प्रथम वर्ष)

बी.एस.सी. (प्रथम वर्ष)

1-B.Sc. - Bot. Chem., Microbio
2-B.Sc. - Zool. Chem., Microbio
3-B.Sc. - Bot., Chem., Zoology
4-B.Sc. - Che., Math., Physics
5-B.Sc. - Comp. Appl., Math., Physics

बी.कॉम. (प्रथम वर्ष)

(विषयवार सीट संख्या उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश पोर्टल पर देखें)

**स्नातक स्तर पर वार्षिक पद्धति में संकायवार विषय समूह**

(अ) आधार पाठ्यक्रम – अनिवार्य विषय

**कला संकाय (बी.ए.)**

1. अंग्रेजी साहित्य / संस्कृत / हिन्दी साहित्य
2. इतिहास / अर्थशास्त्र
3. समाजशास्त्र
4. भूगोल / राजनीतिशास्त्र

**विज्ञान संकाय (बी.एससी.)**

1. रसायनशास्त्र / कम्प्यूटर एप्लीकेशन
2. गणित / जन्तु विज्ञान
3. भौतिक शास्त्र / वनस्पतिशास्त्र
4. माइक्रोबॉयोलॉजी

नोट– 1. माइक्रोबॉयोलॉजी के साथ जन्तुविज्ञान अथवा वनस्पतिविज्ञान लिया जा सकता है।

**वाणिज्य संकाय (बी.कॉम.)**

1. एकाउंट ग्रुप
2. मैनेजमेंट ग्रुप
3. एप्लाइड इकोनोमिक्स

नोट– विषयों / विषय समूह का चयन उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश पोर्टल के अनुसार मान्य किए जाएंगे।

आरक्षण–मध्य प्रदेश शासन की आरक्षण नीति के अनुसार होगा।

**प्रवेश प्रक्रिया**

1. महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शासन द्वारा नियत तिथि से प्रारम्भ होगी। म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग की ऑनलाइन प्रक्रिया से रजिस्ट्रेशन कर प्रक्रिया अनुसार शुल्क जमा करना होगा।
2. प्रवेश आवेदन–पत्र की जांच हेतु प्रवेश विवरणिका में समितियों के नाम प्रकाशित हैं। प्रवेशार्थी सम्बन्धित समिति से आवेदन जाँच करायें।
3. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु प्रत्येक विषय के लिए पृथक से आवेदन करना होगा।
4. निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने पर प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा गुणानुक्रम में अगले प्रवेशार्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा।
5. प्रवेश सम्बन्धी म.प्र. शासन / महाविद्यालय के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## प्रवेश समितियाँ

| | कक्षा | प्रवेश समिति | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. प्रथम वर्ष | 1. डॉ. दिनेश रावत<br>2. डॉ. (श्रीमती) मंजू तोमर | भूगोल विभाग |
| 2. | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 1. डॉ. कमल भारद्वाज<br>2. डॉ. मनोज कुमार शर्मा | अर्थशास्त्र विभाग |
| 3. | बी.ए. तृतीय वर्ष | 1. डॉ. राजकुमार सिंह तोमर<br>2. डॉ. (श्रीमती) रक्षा कम्ठान | भूगोल विभाग |
| 4. | बी.एससी. प्रथम वर्ष<br>(जीवविज्ञान समूह) | 1. डॉ. व्ही.के. जैन<br>2. डॉ. रामकिशोर उपाध्याय | रसायन विभाग |
| 5. | बी.एससी. प्रथम वर्ष<br>(गणित समूह) | 1. डॉ. दिवाकर श्रोत्रिय<br>2. डॉ. रमाकांत शर्मा | भौतिक विज्ञान |
| 6. | बी.एससी. द्वितीय वर्ष | 1. श्री डी.के. शर्मा<br>(जीव विज्ञान समूह) | जन्तु विज्ञान विभाग |
| | गणित समूह | 2. डॉ. आर. के. उपाध्याय | गणित समूह |
| 7. | बी.एससी. तृतीय वर्ष | 1. श्री एस.ए. गौरी<br>(गणित समूह) | कम्प्यूटर विभाग |
| | जीव विज्ञान समूह | 2. श्री मुकेश श्रीवास | बायो ग्रुप |
| 8. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 1. डॉ. बी.एम. बंसल | कॉमर्स विभाग |
| 9. | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष एवं<br>बी.कॉम. तृतीय वर्श | 1. डॉ. कौशलेन्द्र उपाध्याय | कक्ष क्र. 21 |
| 10. | पी.जी.डी.सी.ए. / कम्प्यूटर | 1. श्री दिवाकर शर्मा<br>2. श्री एस.ए. गौरी | कम्प्यूटर विभाग |
| 11. | एम.ए. भूगोल प्रथम तथा<br>तृतीय सेमेस्टर | 1. डॉ. दिनेश रावत<br>2. डॉ. राजकुमार सिंह तोमर | भूगोल विभाग |
| 12. | एम.ए. अर्थशास्त्र प्रथम<br>तथा तृतीय सेमेस्टर | 1. डॉ. कमल भारद्वाज<br>2. डॉ. मनोज कुमार शर्मा | अर्थशास्त्र विभाग |
| 13. | एम.ए. हिन्दी प्रथम तथा<br>तृतीय सेमेस्टर | 1. डॉ. शशि वल्लभ शर्मा<br>2. डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल | हिन्दी विभाग |
| 14. | एम.एससी. रसायन प्रथम<br>तथा तृतीय सेमेस्टर | 1. डॉ. व्ही.के. जैन<br>2. श्री मुकेश श्रीवास | रसायन विभाग |
| 15. | एम.एससी. जन्तुविज्ञान<br>प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर | 1. श्री डी. के. भार्मा | जन्तुविज्ञान विभाग |
| 16. | एम.एससी. गणित<br>प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर | 1. श्री व्ही. मेढेकर | गणित विभाग |

### शैक्षणिक कैलेण्डर

**महाविद्यालय में शैक्षणिक कैलेण्डर मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के नियमों व निर्देशों के अनुसार ही लागू किया जायेगा।**

## प्रवेश निरस्तीकरण

**निम्न दशाओं में विद्यार्थी को महाविद्यालय में दिया गया प्रवेश निरस्त किया जा सकता है –**

1. पूरक परीक्षा अथवा ए.टी.के.टी. प्राप्त ऐसे विद्यार्थी जिनको प्रावधिक प्रवेश (Perovisional Admission) अगली कक्षा में दिया गया था। परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने / परीक्षा में सम्मिलित न होने की दशा में / ए.टी.के.टी. / पूरक नियमों के अधीन पात्रता न होने के दशा में।
2. इस महाविद्यालय के अतिरिक्त किसी अन्य शैक्षणिक संस्था में भी संस्थागत विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेने पर।
3. शिक्षणेत्तर संगठनों एन.सी.सी., एन.एस.एस., रेडक्रास तथा स्नातकोत्तर परिषदों में नियमानुसार पंजीयन न कराने, इनके कार्यक्रमों में भाग न लेने व नियमों का पालन न करने पर।
4. विभिन्न विषयों की कक्षाओं में अथवा संबंधित संगठन के कार्यकलापों में अथवा दोनों में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर।
5. महाविद्यालय / विश्वविद्यालय आदि के शुल्क का यथा समय भुगतान न करने पर।
6. विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा आयोजित / अनुमोदित परीक्षाओं अथवा अन्य कार्यक्रमों का बहिष्कार करने पर।
7. महाविद्यालय आचार संहिता का पालन न करने पर प्रवेश निरस्तीकरण एवं निष्कासन (एक अथवा दोनों स्थिति अनुसार) किये जा सकेंगे।
8. बिना अनुमति के अकारण लम्बी अवधि तक निरन्तर अनुपस्थित रहने पर प्रवेश निरास्त किया जा सकता है।

## विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय की आचार संहिता

1. **ड्रेस कोड** – महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए गणवेश (यूनीफार्म) निर्धारित है। जिसका पालन नियमित विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। छात्रों के लिए–**सफेद शर्ट, काला पेन्ट व काले जूते।** छात्राओं के लिए–**नेवी ब्लू कुर्ता, सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा एवं काली जूती अथवा सफेद शर्ट व काला पेन्ट व काले जूते।**
2. प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी एवं सम्बन्धित संगठनों के नियमों का पालन करना होगा।
3. महाविद्यालय सम्पत्ति की सुरक्षा, सुव्यवस्था एवं अभिवृद्धि में प्रत्येक विद्यार्थी यथाशक्ति सहयोग करेगा।
4. महाविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं एवं आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षाओं में सम्मिलित होना आवश्यक है।
5. प्रत्येक विद्यार्थी शिष्ट, जनोचित व्यवहार करेगा, अशिष्ट व्यवहार वर्ज्य एवं दण्डनीय है।
6. विद्यार्थियों से सरल, निर्व्यसन, मितव्ययी एवं सात्विक जीवन अपेक्षित है। मादक पदार्थ का सेवन सर्वथा वर्जनीय है।
7. विद्यार्थी किसी दूसरे विद्यार्थी का शोषण व उत्पीड़न किसी प्रकार नहीं करेगा। रेगिंग पूर्णतः वर्जित है।
8. समस्या निराकरण के लिए आन्दोलन, हिंसा तथा आतंक का प्रयोग अवैधानिक एवं अनुचित माना जायेगा।
9. विद्यार्थी आदर्श महाविद्यालय की गरिमा के अनुकूल आचरण करेगा। समस्याओं के समाधान के लिए राजनैतिक दलों, कार्यकर्ताओं एवं संस्थाओं का सहारा नहीं लेगा तथा सक्रिय राजनीति से दूर रहेगा।
10. महाविद्यालय की शांति, सुव्यवस्था, स्वच्छता, सज्जा एवं परिसर को हरित बनाने में विद्यार्थी सहयोग देगा। अनुशासनहीन, उद्दण्ड एवं आपराधिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने वाले छात्र / छात्राओं की गोपनीय सूचना अनुशासन समिति को देकर प्रशासन को सहयोग करेगा।
11. राष्ट्रीय पर्वों / उत्सवों के आयोजन में आवश्यकतानुसार उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेगा।

**संस्था के प्रति विद्यार्थियों की जवाबदेही**

1. महाविद्यालय प्रांगण को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।
2. महाविद्यालय में लक्ष्य एवं उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान रहें तथा सम्बन्धित गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करें।
3. संस्था के नियम/अधिनियम, कार्यक्रमों एवं प्रवेश–नीति आदि के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी रखें।
4. संस्था की पढ़ाई संबंधी व्यूह रचना व मूल्यांकन विधियों को समझें।
5. संस्था के नियम, अधिनियम एवं निर्धारित समय–सारणी का पालन करें। कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति की वैधानिक बाध्यता का पालन सुनिश्चित करें।
6. संस्था में उपलब्ध अध्ययन सुविधाओं एवं सहायक सेवाओं का अधिकतम उपयोग करें।
7. CCE परीक्षाओं एवं मुख्य परीक्षा हेतु निरन्तर तैयारी करें तथा समय सीमा में कार्यपूर्ण कर प्रस्तुत करें।
8. महाविद्यालयीन व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं उपादेय बनाने हेतु लिखित सुझाव सम्बन्धित प्रभारी के माध्यम से प्राचार्य को दें।
9. संस्था के आदर्श का स्वयं को प्रतिरूप मानकर व्यवहार करें। संस्था के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति सम्मान का भाव रखें तथा कार्य एवं व्यवहार में भी इसे अभिव्यक्त करें।
10. अपने सभी साथियों के साथ धर्म, जाति वर्ग का भेद न करते हुए समानता का व्यवहार करें।
11. संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये परिचय–पत्र को अपने गले में डालकर ही रखें। महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि एवं सुविधा का लाभ बिना परिचय–पत्र के प्राप्त नहीं होगा।
12. **रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है, इस बात का विशेष ध्यान रखें।**

यह महाविद्यालय, म.प्र. भोज (म.प्र.) वि.वि. भोपाल का मान्य अध्ययन केन्द्र है। इसके अन्तर्गत बी.ए., बी. एससी., एम.ए., एम.एससी. की परीक्षाओं का संचालन किया जाता है। महाविद्यालय माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय का परीक्षा केन्द्र रहा है। विस्तृत जानकारी डॉ. बी.एम. बंसल से प्राप्त की जा सकती है।

**शिक्षणेत्तर संगठनों की सदस्यता :–**

प्रवेशार्थी किसी एक शिक्षणेत्तर संगठन एन.सी.सी./एन.एस.एस./रेडक्रॉस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता हेतु अपना आवेदन देगा। परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये जाने पर संगठन की सदस्यता सुनिश्चित की जायेगी। स्नातकोत्तरी विद्यार्थी, विभागीय परिषद के अनिवार्य सदस्य होंगे। प्रत्येक विद्यार्थी को किसी एक शिक्षणेत्तर संगठन का सदस्य होना अनिवार्य है। **NCC और NSS में से एक संगठन के ही नियमित सदस्य बन सकेंगे।**

**खेल–कूद**

महाविद्यालय में खेलकूद की नियमित व्यवस्था है। महाविद्यालय में व्हालीबॉल, कबड्डी, बॉस्केट बॉल, बेडमिन्टन, एथेलेटिक्स, खो–खो, टेबिल टेनिस और हैण्डबॉल के उपयुक्त खेल मैदान है। जिनमें खेल विशेषज्ञों द्वारा खेल प्रशिक्षण दिया जाता हे। महाविद्यालय में क्रिकेट खेल की सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। महाविद्यालय से प्रतिवर्ष खिलाड़ी विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हैं।

**महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति**

1. प्रत्येक विद्यार्थी की विभिन्न विषयों एवं सम्बन्धित संगठनों की क्रियाकलापों में उपस्थिति 75 प्रतिशत होनी चाहिए। म.प्र.वि.वि. अधिनियम 1973 अध्यादेश क्र. 6 के अनुसार 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थी नियमित विद्यार्थी के रूप में परीक्षाओं में नहीं बैठ सकेंगे।
2. महाविद्यालय के विभिन्न आयोजनों (वार्षिक स्नेह सम्मेलन, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि) में उपस्थित रहने पर विद्यार्थी को नियमानुसार उपस्थिति का लाभ दिया जाएगा।

2. विद्यार्थियों को उनकी उपस्थिति सूचना वर्ष में दो बार सितम्बर/अक्टूबर एवं मार्च/अप्रैल में सूचना पटल पर प्रकाशित की जाती है। उपस्थिति सूचना प्राप्त करना विद्यार्थी का निजी दायित्व है।
3. महाविद्यालय अथवा विभिन्न संगठनों द्वारा विद्यार्थी को बाहर भेजे जाने पर इसकी विधिवत अनुमति तथा प्रमाण–पत्र होने पर इस अवधि की उपस्थिति का लाभ सम्बन्धित को दिया जायेगा। इसके लिए विद्यार्थी को सम्बन्धित अधिकारी के माध्यम से आवेदन द्वारा मांग करनी होगी।

**शोध केन्द्र**

महाविद्यालय में निम्न विषयों में शोध की व्यवस्था है –

| | |
|---|---|
| (क) कला संकाय | (1) अर्थशास्त्र |
| | (2) भूगोल |
| | (3) हिन्दी |
| (ख) विज्ञान संकाय | (1) रसायन विज्ञान |

(ग) शोध हेतु प्रवेश नियम

1. पी–एच.डी. की उपाधि के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित शोधार्थियों को महाविद्यालय शोध केन्द्र पर अधिकतम चार वर्ष के लिए प्रवेश दिया जायेगा। शोधार्थी को शोध केन्द्र पर नियमित उपस्थिति दर्ज करानी होगी।
2. विश्वविद्यालय से स्वीकृति के बाद प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन करना होगा। प्रवेश के बाद निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद ही नियमित प्रवेश मान्य होगा।
3. शोधार्थी की प्रतिदिन की उपस्थिति का रिकार्ड शोध निर्देशक ही रखेंगे। प्रत्येक छः माह में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. शोध प्रबंध के अग्रेषण के पूर्व शोधार्थी को अपने शोध निर्देशक से सत्यापित एवं अग्रेषित पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं सम्बन्धित विभाग का अनादेय प्रमाण–पत्र प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
5. अध्ययन–अवकाश पर शोध कर रहे शिक्षक का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रेषित उपस्थिति प्रमाण–पत्र और तीन माह में शोध कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त होने पर ही वेतन आहरण अधिकारी द्वारा ऐसे शोध शिक्षक का वेतन आहरित किया जावेगा।
6. शोधार्थी विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों के अन्तर्गत ही शोध कार्य सम्पादित कर सकेंगे।

**परीक्षाएँ**

1. प्रत्येक विद्यार्थी को महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होना आवश्यक है। परीक्षाओं का बहिष्कार आचार संहिता का उल्लंघन है तथा बहिष्कृत प्रश्न–पत्र की परीक्षा पुनः नहीं होगी।
2. परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग सर्वथा वर्जित है। **अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले परीक्षार्थियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही म.प्र. परीक्षा एक्ट के तहत करने का प्रावधान है। इसी प्रकार की कार्यवाही जीवाजी विश्वविद्यालय के रेगु.क्र. 10 तथा 11 के अन्तर्गत करने का प्रावधान है।**

नोट :–

1. स्नातकोत्तर परिषदों का सदस्यता शुल्क सम्बंधित विभागों में जमा किया जाता है।
2. प्रतिभूति राशि महाविद्यालय छोड़ने के पश्चात 2 वर्ष के अन्दर ही वापिस की जाती है।
3. विश्वविद्यालय नामांकन कराना विद्यार्थी का उत्तरदायित्व है। विश्वविद्यालय नामांकन प्रक्रिया म.प्र. शासन की प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार पूर्ण की जायेगी।

**अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना)**

**वार्षिक शुल्क सत्र 2025-26**

**प्रवेश के समय सत्र में केवल एक बार देय है।**

| स.क्र. | मद | रुपये |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा कल्याण शुल्क | 100 |
| 2 | महाविद्यालय क्रीड़ा शुल्क | 150 |
| 3 | प्रवेश शुल्क | 100 |
| 4 | महाविद्यालय छात्र समिति | 100 |
| 5 | विश्वविद्यालय छात्र समिति | 5 |
| 6 | पत्रिका शुल्क | 150 |
| 7 | परिचय–पत्र शुल्क | 60 |
| 8 | चिकित्सा शुल्क | 20 |
| 9 | रेडक्रास शुल्क | 25 |
| 10 | विकास शुल्क (फर्नीचर, जल, विद्युत एवं रखरखाव आदि) | 250 |
| 11 | विश्वविद्यालय स्वायत्तता / सम्बद्धता / निरन्तरता शुल्क | 300 |
| 12 | विश्वविद्यालय कल्याण शुल्क | 30 |
| 13 | पंजीयन शुल्क | 500 |
| | **योग शुल्क** | **1790** |

# अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना)

## वार्षिक शुल्क विवरण 2025-2026

### प्रथम वर्ष

| S.No. | Course Code | VERIFIED Course | Subject Combinations | शिक्षण शुल्क | विज्ञान शुल्क | प्रायोगिक / विभागीय विकास फण्ड | अंकेक्षण शुल्क | वेतन–भत्ता संदाय शुल्क | वाचनालय / पुस्तकालय | विद्युत बिल / डीजल तथा विद्युत उपकरण रख–रखाव | नेटवर्क रिसोर्स सेंटर संचालन | स्वच्छता एवं पर्यावरण विकास | वार्षिक शुल्क (वर्ष में केवल एक बार वसूल की जाती है) | सेल्फ फाइनेंस फीस | गतिविधि शुल्क (एन.ई.पी.) | कौशन मनी | योग फीस प्रथम किस्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | C028 | B. A. | B. A. | 96 | 0 | 500 | 100 | 2750 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 300 | **6636** |
| 2 | C032 | B.Com. | Commerce | 96 | 0 | 500 | 100 | 3650 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 300 | **7536** |
| 3 | C080 | B.Sc. | Botany - Chemistry - Microbiology | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 4800 | 480 | 300 | **13176** |
| 4 | C085 | B.Sc. | Botany - Chemistry - Zoology | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 300 | **8376** |
| 5 | C116 | B.Sc. | Chemistry - Mathematics - Physics | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 300 | **8376** |
| 6 | C118 | B.Sc. | Chemistry - Microbiology - Zoology | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 4800 | 480 | 300 | **13176** |
| 7 | C129 | B.Sc. | Computer Application - Mathematics - Physics | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 4800 | 480 | 300 | **13176** |
| 8 | C005 | M. A. | Economics / Hindi | 144 | 0 | 1000 | 100 | 1890 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 500 | **6644** |
| 9 | C007 | M. A. | Geography | 144 | 0 | 1200 | 100 | 2950 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 500 | **7904** |
| 10 | C044 | M.Sc. | Chemistry | 144 | 100 | 1200 | 100 | 3690 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 500 | **8744** |
| 11 | C050 | M.Sc. | Mathematics | 144 | 0 | 1200 | 100 | 3550 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 6000 | 480 | 500 | **14504** |
| 12 | C056 | M.Sc. | Zoology | 144 | 100 | 1200 | 100 | 3690 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | 500 | **8744** |
| 13 | C034 | PGDCA | PGDCA | 144 | 100 | 1200 | 100 | 3090 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 8000 | 480 | 500 | **16144** |

नोट — 1. प्रथम वर्ष कॉशनमनी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के समस्त विद्यार्थी से ली जावेगी। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में केवल बाहर से आने वाले विद्यार्थी से ही ली जावेगी।
2. परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालयीन नियमानुसार देय होगी।
3. सी.सी.ई. शुल्क पृथक से देय होगी।
4. शोध शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार लिया जायेगा।

# अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना)

## वार्षिक शुल्क विवरण 2025-2026

## द्वितीय एवं तृतीय वर्ष

| S.No. | Course Code | VERIFIED Course | Subject Combinations | शिक्षण शुल्क | विज्ञान शुल्क | प्रायोगिक / विभागीय विकास फण्ड | अंकेक्षण शुल्क | वेतन–भत्ता संदाय शुल्क | वाचनालय / पुस्तकालय | विद्युत बिल / डीजल तथा विद्युत उपकरण रख–रखाव | नेटवर्क रिसोर्स सेंटर संचालन | स्वच्छता एवं पर्यावरण विकास | वार्षिक शुल्क (वर्ष में केवल एक बार वसूल की जाती है) | सेल्फ फाइनेंस फीस | गतिविधि शुल्क (एन.ई.पी.) | योग फीस प्रथम किस्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | C028 | B. A. | B. A. | 96 | 0 | 500 | 100 | 2750 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **6336** |
| 2 | C032 | B.Com. | Commerce | 96 | 0 | 500 | 100 | 3650 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **7236** |
| 3 | C080 | B.Sc. | Botany - Chemistry - Microbiology | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 4800 | 480 | **12876** |
| 4 | C085 | B.Sc. | Botany - Chemistry - Zoology | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **8076** |
| 5 | C116 | B.Sc. | Chemistry - Mathematics - Physics | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **8076** |
| 6 | C118 | B.Sc. | Chemistry - Microbiology - Zoology | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 4800 | 480 | **12876** |
| 7 | C129 | B.Sc. | Computer Application - Mathematics - Physics | 96 | 100 | 1000 | 100 | 3890 | 140 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 4800 | 480 | **12876** |
| 8 | C005 | M. A. | Economics / Hindi | 144 | 0 | 1000 | 100 | 1890 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **6144** |
| 9 | C007 | M. A. | Geography | 144 | 0 | 1200 | 100 | 2950 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **7404** |
| 10 | C044 | M.Sc. | Chemistry | 144 | 100 | 1200 | 100 | 3690 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **8244** |
| 11 | C050 | M.Sc. | Mathematics | 144 | 0 | 1200 | 100 | 3550 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 6000 | 480 | **14004** |
| 12 | C056 | M.Sc. | Zoology | 144 | 100 | 1200 | 100 | 3690 | 260 | 300 | 80 | 100 | 1790 | 0 | 480 | **8244** |

नोट — 1. प्रथम वर्ष कॉशनमनी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के समस्त विद्यार्थी से ली जावेगी। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में केवल बाहर से आने वाले विद्यार्थी से ही ली जावेगी।
2. परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालयीन नियमानुसार देय होगी।
3. सी.सी.ई. शुल्क पृथक से देय होगी।
4. शोध शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार लिया जायेगा।

**परीक्षा शुल्क विवरण**

(1) सी.सी.ई. परीक्षा शुल्क–प्रत्येक सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक में 180 / – पृथक से देय होगा।

(2) मुख्य परीक्षा / ATKT / पूरक शुल्क जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अनुसार एवं महाविद्यालय द्वारा निर्धारित देय होगा।

(3) प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर पुनः परीक्षा के लिये शुल्क नियमानुसार देय होगा।

नोट–परीक्षा शुल्क संबंधी विस्तृत जानकारी की सूचना परीक्षा की तिथियों की घोषणा के पूर्व कर दी जायेगी।

**पुस्तकालय एवं वाचनालय**

महाविद्यालय में सुसज्जित, सम्पन्न एवं विशाल पुस्तकालय है। वर्तमान में 45000 से भी अधिक महत्वपूर्ण पुस्तकों का संग्रह पुस्तकालय में है। पुस्तकालय में हिन्दी, अंग्रेजी के दैनिक समाचार–पत्र तथा साप्ताहिक / मासिक पत्रिकाऍं पाठन हेतु उपलब्ध कराई जाती है।

पुस्तकालय के दो प्रभाग हैं–

(1) केन्द्रीय पुस्तकालय एवं वाचनालय

(2) स्नातकोत्तर विभागीय पुस्तकालय

विद्यार्थी खाली समय का सदुपयोग वाचनालय में करें। पुस्तकें एवं ज्ञानोपयोगी सामग्री प्राप्त करने हेतु नियमावली का अवलोकन पुस्तकालय सूचना–पटल पर करें–

**परिचय-पत्र (IDENTITY CARD)**

(1) बिना परिचय पत्र के महाविद्यालय में प्रवेश वर्जित रहेगा।

(2) परिचय–पत्र खो जाने पर अथवा नष्ट हो जाने की दशा में नोटरी शपथ–पत्र प्रस्तुत कर, प्राचार्य की अनुमति से रु. 50 / – जमा करके डुप्लीकेट परिचय–पत्र प्राप्त करें।

**महाविद्यालय प्रमाण-पत्रों की प्राप्ति**

(1) महाविद्यालय त्याज्य प्रमाण–पत्र (टी.सी.) नियमानुसार प्राप्त किया जा सकता है। टी.सी. खो जाने अथवा नष्ट हो जाने की दशा में शपथ–पत्र के साथ रु. 50 / – जमा करने पर द्वितीय प्रति दी जा सकेगी। सत्र के मध्य में केवल पिता / संरक्षक के स्थानांतरण होने की दशा में ही प्रमाण–पत्र दिया जा सकेगा।

(2) **महाविद्यालय त्याज्य प्रमाण–पत्र एवं चरित्र प्रमाण–पत्र, प्रार्थना–पत्र प्राप्ति की तिथि से तीन दिन बाद जारी किये जा सकेंगे।** जिनका शुल्क क्रमशः 50 / – तथा 50 / – रु. होगा। टी.सी. एवं सी.सी. तत्काल प्राप्त करने हेतु 50 / – रुपये का शुल्क आवेदन–पत्र के साथ जमा करना होगा। कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे तक उसी दिन तत्काल शुल्क के साथ प्राप्त आवेदन पत्रों पर ही सायंकाल 5.00 बजे टी.सी. / सी.सी. प्रदान की जायेगी। समयावधि के पश्चात प्राप्त तत्काल प्रमाण–पत्र संबंधी आवेदनों पर टी.सी. / सी.सी. अगले कार्य दिवस में ही प्राप्त हो सकेगी।

(3) टी.सी. / सी.सी. को छोड़कर अन्य किसी भी प्रमाण–पत्र का शुल्क 20 / – रुपये प्रति प्रमाण–पत्र होगा।

(4) अंकसूची का सत्यापन शुल्क 200 / – रु. है।

**पुरस्कार एवं पदक :**

महाविद्यालय द्वारा अनुशासित, चरित्रवान, प्रतिभा सम्पन्न एवं निष्ठावान विद्यार्थियों को निम्नांकित आधार पर पुरस्कार एवं पदक प्रदान किये जाते हैं।

(1) एन.सी.सी. में सर्वोत्तम छात्र कैडेट घोषित होने पर।

(2) एन.एस.एस. में आदर्श स्वयं सेवक / सेविका घोषित होने पर।

(3) महाविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर।

**निम्नांकित पदक विशेष प्रोयोजकों द्वारा प्रदान किये जाते हैं–**

(4) एम.ए., एम.एससी. प्रथम, द्वितीय सेमेस्टर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर **स्व. श्री अमर सिंह भदौरिया** स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है।

(5) स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त कॉमर्स की छात्रा को **स्व. सेठ प्रभुदयाल अग्रवाल** स्मृति स्वर्ण पदक।

(6) एम.ए. पू. भूगोल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर **स्व. श्रीमती शकुन्तला देवी** स्मृति पदक।

(7) **स्व. श्रीमती रत्ना देवी / स्व. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल** स्मृति स्वर्ण पदक बी.ए. में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को।

(8) **स्व. सेठ प्रभुदयाल अग्रवाल एवं स्व. श्रीमती कलावती अग्रवाल** स्मृति छात्रवृत्ति (निर्धन छात्राओं के लिये)

(9) अर्थशास्त्र के विद्यार्थी को सर्वोत्तम अकादमिक प्रदर्शन करने पर अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार।

(10) स्नातकोत्तर हिन्दी में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा NET/JRF उत्तीर्ण करने पर स्व. विजय कुमार अग्रवाल स्मृति पुरस्कार।

**नोट–**

(1) छात्रवृत्ति से सम्बन्धित जानकारी समय–समय पर कार्यालय तथा प्रभारी प्राध्यापक से प्राप्त करते रहें।

(2) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति अ.नु.जा. / अनु.ज.जा. / पि.वर्ग के विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार दी जाती है। मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति (अनु.जाति / पि.वर्ग)

(3) अ.जा. / अ.ज.जा. / पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति के संबंध में म.प्र. शासन द्वारा समय–समय पर जारी समस्त निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

महाविद्यालय के नियमित पात्र–विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिलता है। इसके लिए प्रभारी प्राध्यापक अथवा समिति के सदस्य से विद्यार्थी सम्पर्क करें।

**विशेष :**

भारत शासन / म.प्र. शासन से प्राप्त होने वाली अन्य छात्रवृत्तियों से संबंधित सूचना श्री अजीत जैन (कार्यालय) से प्राप्त करें।

## अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, अम्बाह

### 2025-26

### 1. अनुशासन समिति (PROCTORIAL BOARD)

महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों के क्रियाकलापों पर कड़ी नजर रखने हेतु महाविद्यालय में अनुशासन समिति कार्यरत है। आचार संहिता का उल्लंघन करने, किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने एवं रेगिंग के आरोप में कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की अनुशंसा करने का पूर्ण अधिकार अनुशासन समिति को है। यह समिति छात्र कल्याण समिति के रूप में भी कार्य करती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. मनोज कुमार शर्मा | चीफ प्रॉक्टर |
| 2. | डॉ. श्रीमती मंजू तोमर | प्रॉक्टर |
| 3. | डॉ. कौशलेन्द्र उपाध्याय | प्रॉक्टर |
| 4. | श्री वीरेन्द्र सिंह गुर्जर | सदस्य |
| 5. | डॉ. राजकुमार सिंह तोमर | सदस्य |
| 6. | डॉ. पंकज सिंह | सदस्य |

### 2. एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन/विंग

जिन छात्रों ने गत वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उन्हें 2025-26 में एन.सी.सी. में पंजीकृत होना अनिवार्य है। शेष स्थानों की पूर्ति प्रथम वर्ष के छात्रों में से नियमानुसार की जायेगी। एन.सी.सी. में निर्धारित संख्या 319 (छात्र/छात्रा) 106 (छात्रा) कैडिट हैं, वर्तमान में इस संगठन से संबंधित तीन ए.एन.ओ. हैं।

1. मेजर मनोज कुमार शर्मा
2. कैप्टेन मंजू तोमर
3. डॉ. पंकज सिंह (केयर टेकर)

महाविद्यालय के कैडेट विगत वर्षों में आर.डी.सी. परेड एवं थल सेना कैम्प नई दिल्ली में भाग लेते रहे हैं तथा देश, प्रदेश के अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतते रहे हैं।

### 3. राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

गत सत्र में पंजीकृत छात्र-छात्राओं को बी-प्रमाण-पत्र हेतु इस वर्ष पुनः पंजीकरण कराना अनिवार्य है। शेष स्थानों की पूर्ति प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में से की जावेगी। इसके अधिकारी निम्नांकित हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अरूण सिंह तोमर | कार्यक्रम अधिकारी, इकाई क्र. (छात्र) |
| 2. | डॉ. रक्षा कम्ठान | कार्यक्रम अधिकारी, इकाई क्र. 2 (छात्रा) |
| 3. | डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल | कार्यक्रम अधिकारी, इकाई क्र. 3 (छात्रा) |

महाविद्यालय के स्वयंसेवक विगत वर्षों में राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत हुए हैं।

### 4. रेडक्रास (Redcross)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री मुकेश श्रीवास | प्रभारी |
| 2. | श्री शमीम अहमद गौरी | सदस्य |
| 3. | डॉ. राजकुमार सिंह तोमर | सदस्य |
| 4. | श्री रामनरेश शर्मा | सदस्य |

महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई ने विकलांग सेवा एवं रक्तदान में विशेष ख्याति अर्जित की है।

## 1 जुलाई 2025 से प्रभावशील समितियाँ 2025–26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | महिला उत्पीड़न निरोधक समिति | – **डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल** | **प्रभारी** |
| | | डॉ. श्रीमती रक्षा कन्ठान | सदस्य |
| 2. | एन्टी रैगिंग समिति | – **डॉ. मनोज कुमार शर्मा** | **प्रभारी** |
| | | डॉ. मंजू तोमर | |
| | | श्री विजय कुमार उपाध्याय | |
| 3. | समय–सारिणी समिति | – **डॉ. कमल भारद्वाज** | **प्रभारी** |
| | | डॉ. व्ही.के. जैन | सदस्य |
| | | डॉ. दिनेश रावत | सदस्य |
| | | डॉ. ब्रजमोहन बंसल | सदस्य |
| 4. | प्रवेशोत्सव | – **डॉ. कमल भारद्वाज** | **प्रभारी** |
| 5. | परिचय पत्र लेख समिति | – **डॉ. (श्रीमती) रक्षा कन्ठान** | **प्रभारी** |
| 6. | युवा उत्सव कार्यक्रम | – **डॉ. शशिवल्लभ शर्मा** | **प्रभारी** |
| 7. | क्रीड़ा समिति | – **श्री व्ही. एस. गुर्जर** | **प्रभारी** |
| 8. | अभिलेख प्रमाणीकरण समिति | – **डॉ. (श्रीमती) मंजू तोमर** | **प्रभारी** |
| 9. | सूचना का अधिकार समिति | – **श्री व्ही. मेढेकर** | **लोक सूचना अधिकारी** |
| 10. | पुस्तकालय समिति | – **डॉ. दिवाकर श्रोत्रिय** | **प्रभारी** |
| 11. | भूतपूर्व विद्यार्थी परिषद | – **श्री मुकेश श्रीवास** | **प्रभारी** |
| 12. | प्रवेश विवरणिका समिति | – **डॉ. मनोज कुमार शर्मा** | **प्रभारी** |
| 13. | वार्षिक पत्रिका प्रकाशन समिति | – **डॉ. शशिवल्लभ शर्मा** | **सम्पादक** |
| | | डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल | **सह सम्पादक** |
| 14. | शोध समिति | – **डॉ. राजकुमार सिंह तोमर** | **प्रभारी** |
| 15. | कॉलेज वेबसाइट एवं ऑनलाइन कार्य समिति | – **श्री एस.ए. गौरी** | **प्रभारी** |
| | | श्री अजीत जैन | सदस्य |
| 16. | सोशल मीडिया प्रभारी | – **डॉ. दिनेश रावत** | **प्रभारी** |
| 17. | सी.एम. हेल्पलाइन प्रभारी | – **डॉ. मनोज कुमार शर्मा** | **प्रभारी** |

**छात्रवृत्तियाँ–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विक्रमादित्य, गाँव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना | – **डॉ. रामकिशोर उपाध्याय** | **प्रभारी** |
| 2. | मुख्यमंत्री मेधावी एवं श्रमिक कल्याण योजना | – **डॉ. रमाकांत शर्मा** | **प्रभारी** |
| 3. | इन्सपायर छात्रवृत्ति एवं सेंटर सेक्टर स्कॉलरशिप | – **डॉ. डी.के. शर्मा** | **प्रभारी** |
| 4. | नेशनल स्कॉलरशिप एवं दिव्यांग छात्रवृत्ति | – **डॉ. राजकुमार सिंह तोमर** | **प्रभारी** |
| 5. | अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रवृत्ति | – **श्री मुकेश श्रीवास** | **प्रभारी** |
| 6. | अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति | – **डॉ. बी.एम. बंसल** | **प्रभारी** |

**प्रकोष्ठ-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थी समस्या एवं शिकायत प्रकोष्ठ | – **श्री दिवाकर शर्मा** | **प्रभारी** |
| | | श्री व्ही. एस. गुर्जर सदस्य | |
| 2. | रोजगार नियोजन एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ | – **डॉ. व्ही. के. जैन** | **प्रभारी** |
| | | डॉ. शशिवल्लभ शर्मा | सदस्य |
| 3. | शिक्षक पालक प्रकोष्ठ | – **डॉ. कौशलेन्द्र उपाध्याय** | **प्रभारी** |
| | | डॉ. पंकज सिंह | सदस्य |
| 4. | उद्यमिता जाग्रति प्रकोष्ठ | – **डॉ. बी.एम. बंसल** | **प्रभारी** |
| 5. | स्वास्थ्य प्रकोष्ठ | – **डॉ. दिवाकर श्रोत्रिय** | **प्रभारी** |
| 6. | अंकुर कार्यक्रम | – **डॉ. शशिवल्लभ शर्मा** | **प्रभारी** |

**व्यवस्था समिति-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | पेयजल व्यवस्था समिति | – **डॉ. पंकज सिंह** | **प्रभारी** |
| | | श्री रामनरेश शर्मा | सदस्य |
| 8. | जनरेटर, विद्युत एवं वाहन व्यवस्था समिति | – **डॉ. पंकज सिंह** | **प्रभारी** |
| | | श्री रामनरेश शर्मा | सदस्य |
| | | श्री ब्रज किशोर | सदस्य |
| 9. | स्वच्छता एवं पर्यावरण समिति | – **श्री दिवाकर शर्मा** | **प्रभारी** |
| | | श्री विजय उपाध्याय | सदस्य |
| 10. | जल संरक्षण एवं संवर्धन समिति | – **श्री डी.के. शर्मा** | **प्रभारी** |
| | | श्री उमेश राठौर | सदस्य |
| 11. | कॉमन रुम व्यवस्था समिति | – **डॉ. (श्रीमती) मंजू तोमर** | **प्रभारी** |
| | | श्रीमती आरती गुर्जर | सहप्रभारी |
| 12. | महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिशेध एवं प्रतितोषण आन्तरिक समिति) | – डॉ. (श्रीमती) मंजू तोमर | पीठासीन अधिकारी |
| | | डॉ. (श्रीमती) पूर्णिमा अग्रवाल | सदस्य |
| | | डॉ. (श्रीमती रक्षा कम्ठान | सदस्य |
| | | श्री अभिषेक कम्ठान, एडवोकेट | सदस्य |

**स्वशासी परीक्षा मण्डल-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | – **मुख्य नियंत्रक** |
| 2. | डॉ. राजकुमार सिंह तोमर | – **नियंत्रक** |
| 3. | श्री दिवाकर शर्मा | – **सहा0 नियंत्रक** |
| 4. | श्री शमीम अहमद गौरी | – **सहा0 नियंत्रक** |

**स्नातकोत्तरीय परिषदें-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आर्थिक परिषद | – **डॉ. मनोज कुमार शर्मा** | **परामर्शदाता** |
| 2. | चर्मण्वती भूगोल | – **डॉ. राजकुमार सिंह तोमर** | **परामर्शदाता** |
| 3. | हिन्दी भाषा परिषद | – **डॉ. श्रीमती पूर्णिमा अग्रवाल** | **परामर्शदाता** |
| 4. | रसायन परिषद | – **श्री मुकेश श्रीवास** | **परामर्शदाता** |
| 5. | जन्तु विज्ञान परिषद | – **श्री दिनेश शर्मा** | **परामर्शदाता** |

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. **महाविद्यालय में नगद लेन–देन पूर्णतः बंद है।** समस्त देयकों की अदायगी एम.पी.ऑनलाइन / बैंक डी.डी. / पी.ओ.एस. मशीन द्वारा ही करनी होगी।
2. किसी भी शुल्क के भुगतान करने के बाद निर्धारित अवधि में संबंधित **दस्तावेज जमा कराना / भुगतान की पावती प्रस्तुत करना अनिवार्य है।** निर्धारित अवधि में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर किसी भी क्षति के लिए संबंधित विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
3. महाविद्यालय में **निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य है।**
4. महाविद्यालय परिसर में पौधों को क्षति पहुँचाना, फूल–पत्ती तोड़ना दण्डनीय है।
5. महाविद्यालय में स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक प्रत्येक विद्यार्थी की जिम्मेदारी है। गंदगी करना दण्डनीय है।

# उच्च शिक्षा विभाग

# ऑनलाइन प्रवेश

## सत्र 2025–26

मध्यप्रदेश के शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालय की स्नातक प्रथम वर्ष/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों के लिए

## प्रवेश नियम एवं मार्गदर्शी सिद्धान्त पुस्तिका

## एवं छात्रवृति योजना की जानकारी हेतु

उच्च शिक्षा विभाग के निम्न पोर्टल पर सम्पर्क करें।

**Website : eprovesh.highereducation.mp.gov.in**

**E-mail: mphe.pravesh@mp.gov.oin**

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, पाँचवी मंजिल, भोपाल–462004

नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन नंबर रू. 0755–2551698, 2554763

तकनीकी समस्या हेतु एम.पी. ऑनलाइन सहायता केन्द्र नंबर :– 0755–6720201

विचार, कर्म एवं व्यवहार की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति ही शिक्षा है।

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

आदेश

भोपाल दिनांक 18/06/2025

क्रमांक 489/52/सीसी/24/38 : राज्य शासन एतद् द्वारा सत्र 2025–26 के लिये मध्यप्रदेश के शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासीकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु अकादमिक कैलेण्डर परिशिष्ट–01 एवं परिशिष्ट–2 पर निम्नानुसार जारी किए जाते हैं।

परिशिष्ट–01

अकादमिक कैलेंडर सत्र 2025–2026 (सेमेस्टर कक्षाओं के लिए प्रभावशील)

| अकादमिक कार्य | स्नातकोत्तर प्रथम/तृतीय | स्नातकोत्तर द्वितीय/चतुर्थ |
|---|---|---|
| आरंभिक कक्षाएँ | 01 जुलाई 2025 | 20 दिसम्बर 2025 |
| शैक्षणिक कार्य | 01 जुलाई 2025 से 10 नवम्बर 2025 | 20 दिसम्बर 2025 से 20 अप्रैल 2026 |
| सी.सी. ई. कार्य | सितम्बर तृतीय सप्ताह | मार्च द्वितीय सप्ताह |
| प्रायोगिक परीक्षाएँ | 23 अक्टूबर 2025 से 08 नवम्बर 2025 के मध्य | 04 अप्रेल 2026 से 18 अप्रैल 2026 के मध्य |
| परीक्षा पूर्ण तैयारी अवकाश | 13 नवम्बर 2025 से 19 नवम्बर 2025 | 20 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 |
| सेमेस्टर एवं ए.टी.के.टी. परीक्षा | 20 नवम्बर 2025 से 12 दिसम्बर 2025 | 27 अप्रैल 2026 से 21 मई 2026 |
| सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) विद्यार्थियों के लिए | 13 दिसम्बर 2025 से 19 दिसम्बर 2025 | 22 मई 2026 से 30 जून 2026 |
| परीक्षा परिणामों की घोषणा | 31 दिसम्बर 2025 तक | 20 जून 2026 तक |

- प्रवेश उत्सव कार्यक्रम : जुलाई 2025
- छात्र संघ गठन : सितम्बर– 2025
- खेलकूद/एन.सी.सी./एन.एस.एस./युवा उत्सव/ : माह नवम्बर 2025 तक दीक्षान्त समारोह एवं अन्य सम्पूर्ण गतिविधियाँ पूर्ण कर ली जाएँ
- दीपावली : दिनांक 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक (05 कार्य दिवस)
- स्नेह सम्मेलन/वार्षिककोत्सव/पुरस्कार वितरण : फरवरी 2026 द्वितीय सप्ताह
- वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन :

टीप :—

- अपरिहार्य कारणवश शैक्षणिक कार्य निर्धारित मानक दिवसों से कम होने की दशा में, महाविद्यालय/विविस्तर पर शैक्षणिक काल खण्डों की अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि कर शैक्षणिक दिवसों की पूर्ति की जाये ताकि अकादमिक कैलेण्डर का पालन समयानुसार सुनिश्चित किया जा सके।
- स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु नवीनीकरण प्रक्रिया को अपनाते हुए शैक्षणिक कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाये।
- शैक्षणिक कार्यदिवस कम होने पर अतिरिक्त कक्षाएँ संचालित कर पाठ्यक्रम पूर्ण किया जावे।

स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति प्रथम/तृतीय कार्य दिवसों की गणना
सत्र 2025—2026

| क्र. | माह | दिवस | अवकाश | कार्यदिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जुलाई 2025 | 31 | 4 रविवार | 27 |
| 2 | अगस्त 2025 | 31 | 5 रविवार + 3 अवकाश | 23 |
| 3 | सितम्बर 2025 | 30 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 25 |
| 4 | अक्टूबर 2025 | 31 | 4 रविवार + 4 अवकाश | 23 |
| 5 | नवम्बर 2025 | 30 | 5 रविवार : 2 अवकाश | 23 |
| 6 | 12 दिसम्बर 2025 तक | 12 | 1 रविवार | 11 |
| | कुल दिवस | 165 | 33 | 132 |

स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति प्रथम/तृतीय हेतु शैक्षणिक कार्य दिवसों की गणना
सत्र 2025—2026

| क्रमांक | विवरण | कार्यदिवस |
|---|---|---|
| 1. | 01 जुलाई 2025 से 12 दिसम्बर 2025 तक कुल कार्य दिवस | 132 |
| 2. | अवकाश एवं शैक्षणोत्तर गतिविधि/परीक्षा हेतु अशैक्षणिक दिवस<br>1. स्थानीय अवकाश — 03 कार्यदिवस<br>2. दीपावली अवकाश — 05 कार्यदिवस<br>3. महाविद्यालय स्तर गतिविधियाँ — 08 कार्यदिवस<br>4. परीक्षा पूर्ण तैयारी अवकाश — 05 कार्यदिवस<br>5. परीक्षा — 20 कार्यदिवस | 41 |
| 3. | कुल शैक्षणिक दिवस (1—2) (132—41) | 91 |

स्नातकोत्तर सेमेस्टर द्वितीय/चतुर्थ कार्य दिवसों की गणना
सत्र 2025–2026

| क्र. | माह | दिवस | अवकाश | कार्यदिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 | 12 | 1 रविवार + 1 अवकाश | 10 |
| 2 | जनवरी 2026 | 31 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 26 |
| 3 | फरवरी 2026 | 28 | 4 रविवार + 0 अवकाश | 24 |
| 4 | मार्च 2026 | 31 | 5 रविवार + 5 अवकाश | 21 |
| 5 | अप्रैल 2026 | 30 | 4 रविवार + 2 अवकाश | 24 |
| 6 | मई 2026 | 31 | 5 रविवार + 3 अवकाश | 23 |
| 7 | जून 2026 | 30 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 25 |
| 8 | कुल दिवस | 193 | 193–40 | 153 |

स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति द्वितीय/चतुर्थ हेतु शैक्षणिक कार्य दिवसों की गणना
सत्र 2025–2026

| क्रमांक | विवरण | कार्यदिवस |
|---|---|---|
| 1. | 01 जुलाई 2025 से 12 दिसम्बर 2025 तक कुल कार्य दिवस | 153 |
| 2. | अवकाश एवं शैक्षणोत्तर गतिविधि/परीक्षा हेतु अशैक्षणिक दिवस<br>1. महाविद्यालय स्तर गतिविधियाँ – 02 कार्यदिवस<br>2. परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश – 05 कार्यदिवस<br>3. परीक्षा – 20 कार्यदिवस<br>4. ग्रीष्म अवकाश – 36 कार्यदिवस | 63 |
| 3. | कुल शैक्षणिक दिवस (1–2) (153–63) | 90 |

परिशिष्ट– 2

सत्र 2025–26 अकादमिक कैलेण्डर
(वार्षिक पद्धति–स्नातक प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष कक्षाओं हेतु प्रभावशील)

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश प्रारंभ | 15 मई 2025 |
| 2 | शिक्षण कार्य प्रारंभ | 01 जुलाई 2025 |
| 3 | प्रवेश कार्यक्रम | जुलाई 2025 |
| 4 | संकाय परिवर्तन/विषय परिवर्तन/प्रवेश समस्या निवारण्ण शिविर | प्रवेश समाप्ति के पश्चात 30 दिवस तक |
| | छात्र संघ/सांस्कृतिक, साहित्यिक/खेलकूद एवं अन्य महाविद्यालयीन गतिविधियाँ | |
| 1 | छात्र संघ गठन | सितम्बर |
| 2 | विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन/जिला/संभाग/राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाएँ | ये सभी गतिविधियाँ माह नवम्बर 2025 तक पूर्ण कर ली जाएं |
| 3 | खेलकूद/एन.सी.सी./एन.एस.एस./युवा उत्सव/दीक्षान्त समारोह एवं अन्य गतिविधियाँ | |
| 4 | वार्षिक स्नेह सम्मेलन/वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन | फरवरी द्वितीय सप्ताह 2026 (अधिकतम 03 कार्य दिवस) |
| | आंतरिक मूल्यांकन/वार्षिक परीक्षाएँ | |
| 1 | पूरक परीक्षा प्रारंभ | 16.09.2025 से 30.09.2025 |
| 2 | पूरक परीक्षा परिणाम की घोषणा | 31.10.2025 |
| 3 | त्रिमाही परीक्षा आंतरिक मूल्यांकन | सितम्बर अंतिम सप्ताह 2025 |
| 4 | छःमाही आंतरिक मूल्यांकन | दिसम्बर अंतिम सप्ताह 2025 |
| 5 | सैद्धान्तिक परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत घोषणा | 21 फरवरी 2026 |
| 6 | सभी स्नातक कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि | 13 मार्च से 25 मार्च 2026 |
| 7 | परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश | 27 मार्च से 31 मार्च 2026 |
| 8 | वार्षिक परीक्षा | 01 अप्रैल से 30 मई 2026 |
| 9 | (i) स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि | 10 जून 2026 |
| | (ii) शेष समस्त परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि | 30 जून 2026 |
| | अवकाश | |
| 1 | दीपावली | दिनांक 18 अक्टूबर 2025 से 25 अक्टूबर 2025 (05 कार्यदिवस) |
| 2 | ग्रीष्म अवकाश (शिक्षकों हेतु) | 16.05.2026 से 30.06.2026 (कुल 36 कार्य दिवस) |

नोट :– स्नातक द्वितीय/तृतीय वर्ष में प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया को अपनाते हुए शैक्षणिक कार्य प्रारंभ किया जाए।

कार्य दिवसों की गणना सत्र 2025–26
(वार्षिक पद्धति–स्नातक प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष चतुर्थ एवं कक्षाओं हेतु प्रभावशील)

| (अ) | अवकाश एवं शैक्षणोत्तर गतिविधियों का विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | रविवार | 52 |
| 2 | सामान्य अवकाश | 20 कार्य दिवस |
| 3 | स्थानीय अवकाश | 03 कार्य दिवस |
| 4 | दीपावली अवकाश | 05 कार्य दिवस |
| 5 | छात्र संघ गठन/महाविद्यालयीन सांस्कृतिक गतिविधियाँ आदि | 15 कार्य दिवस |
| | योग | 95 |
| (ब) | परीक्षा/ग्रीष्मावकाश के अशैक्षणिक दिवस | |
| 1 | परीक्षा पूर्व तैयारी | 04 कार्य दिवस |
| 2 | परीक्षा अवधि | 47 कार्य दिवस |
| 3 | ग्रीष्म अवकाश | 36 कार्य दिवस |
| | योग | 87 कार्य दिवस |
| (स) | कुल अशैक्षणिक दिवस (अ+ब) (95+87) = 182 | 182 कार्य दिवस |
| (द) | कुल शैक्षणिक दिवस (365–182) = 183 | 183 शैक्षणिक कार्य दिवस |

नोट :– अपरिहार्य कारणवश शैक्षणिक कार्य निर्धारित मानक 180 दिवसों से कम होने की दशा में, महाविद्यालय/वि.वि. स्तर पर शैक्षणिक काल खण्डों की अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि कर शैक्षणिक दिवसों की पूर्ति की जाये ताकि अकादमिक कैलेण्डार का पालन समयानुसार सुनिश्चित किया जाए एवं शैक्षणिक कार्य दिवस कम होने पर अतिरिक्त कक्षाएँ संचालित कर पाठयक्रम पूर्ण किया जावे।

(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन
मंत्रालय